रेलवे मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) जी हां।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या** LT 2906/70]

(ग) सवाल नहीं उठता।

उत्तर रेलवे के कर्मचारी क्वार्टरों में बिजली की व्यवस्था

3317. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर रेलवे में ऐसे कितने स्टेशन हैं जहां बिजली की व्यवस्था है लेकिन उन स्टेशनों पर नियुक्त रेलवे कर्मचारियों के क्वार्टरों के लिए बिजली के कोई कनेक्शन नहीं दिये गये हैं ; और

(ख) किन कारणों से उनके क्वार्टरों के लिए बिजली के कनेक्शन नहीं दिये गये हैं ?

रेलवे मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) 1-3-1970 तक उत्तर रेलवे के 1331 स्टेशनों में से 674 स्टेशनों पर बिजली लगायी गयी है। हो सकता है कि जिन स्टेशनों पर बिजली लगी है उनमें से कुछ पर रेल कर्मचारियों के क्वार्टरों में अभी तक बिजली न लगायी गयी हो।

(ख) धन की कमी के कारण जिन स्टेशनों पर बिजली उपलब्ध है वहां रेलवे कर्मचारियों के सभी क्वार्टरों में बिजली लगाना सम्भव नहीं हो सका है।

उत्तर रेलवे के रेलवे स्टेशनों में बिजली का लगाना

3318. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर रेलवे में ऐसे कितने स्टेशन हैं जो 25 वर्ष से पूर्व खोले गए थे और जहां अब तक बिजली नहीं लगायी गई है ; और

(ख) उन स्टेशनों में बिजली की व्यवस्था न करने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) उत्तर रेलवे में लगभग 632 स्टेशन ऐसे हैं जो 25 वर्ष पहले खोले गए थे और जिनमें अभी तक बिजली नहीं लगी है।

(ख) निकटवर्ती स्थान से उपयुक्त दर और सर्विस कनेक्शन प्रभार पर निम्न वोल्टता वाली बिजली उपलब्ध न होने के कारण और धन की कमी के कारण अभी तक इन स्टेशनों पर बिजली लगाना सम्भव नहीं हो सका है।

उत्तर रेलवे के स्टेशनों में प्लेटफार्म की सुविधा

3319. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर रेलवे में ऐसे कितने रेलवे स्टेशन हैं जो 25 वर्ष पुराने हैं और जहां अभी तक कोई प्लेटफार्म का निर्माण नहीं किया गया है ;

(ख) उन रेलवे स्टेशनों में से ऐसे कितने हैं जहां गत 4 वर्षों में प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है ; और

(ग) शेष रेलवे स्टेशनों में अब तक प्लेट-फार्मों का निर्माण न करने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) कोई नहीं। उत्तर रेलवे में सभी स्टेशनों पर ऊंचे, नीचे या पटरी की सतह के बराबर उंचाई वाले प्लेटफार्म मौजूद हैं।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता।

मुरादाबाद और रामपुर (उत्तर रेलवे) के बीच मुंढा पाडे स्टेशन पर प्लेटफार्म

3320. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे में मुरादाबाद और रामपुर के बीच मुंढा पाडे रेलवे स्टेशन पर वहां के निवासियों द्वारा इसके लिए बार-बार मांग की जाने के बावजूद भी वहां प्लेटफार्म नहीं बनाया गया ;

(ख) क्या यह सच है कि उस स्टेशन पर